दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी

वर्ष 15 /अंक 47 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, रविवार, 16 अप्रैल 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592



किसानों की संवेदनाएं समझें सत्ताधीश

सारा अली खान ने शेयर की सिडनी ट्रिप की वीडियो

मूल्य- 2 रु.

# प्रयागराज में माफिया अतीक और अशरफ की गोली मार कर हत्या

**प्रयागराज (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज मेडिकल कालेज के बाहर शनिवार रात एक दुस्साहिक वारदात में पुलिस हिरासत में मेडिकल के लिये ले जाये जा रहे माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार कर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि पुलिस के कडे बंदोबस्त के बीच आज रात करीब साढे दस बजे अतीक और अशरफ को नियमित जांच के लिये मेडिकल कालेज ले जाया जा रहा था। वैन से उतरते ही दो से तीन की संख्या में आए हमलावरों ने अतीक के सिर में नजदीक से गोली मारी और उसके साथ अशरफ को भी गोली मार दी। दोनो की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। गौरतलब हो कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के मामले में अतीक और उसके भाई अशरफ को शुक्रवार को अदालत ने चार दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। इस गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है, लेकिन अभी इसकी पुष्टि अधिकारियों द्वारा नहीं की गई है। पुलिस कस्टडी में स्वास्थ्य जांच के लिए शनिवार देर राहत कॉल्विन अस्पताल ले



जाते समय माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की मेडिकल कॉलेज के पास मीडिया कर्मी बनकर आए बाइस सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस के साथ-साथ प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। खबर लिखे जाने तक मौके पर भारी फोर्स के साथ-साथ कई वरिष्ठ अफसर पहुंच गए थे।

गोलीबारी में एक सिपाही भी घायल होने की सूचना है।उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ चार दिन की पुलिस कस्टडी में थे। शनिवार को तीसरे दिन धूमनगंज थाने के लॉकअप में बंद अतीक व अशरफ से एटीएस ने हथियार तस्करी की बाबत पूछताछ की थी। रात लगभग साढ़े दस बजे जब दोनों को रूटीन मेडिकल चेकअप के लिए कॉल्विन अस्पताल ले जाया जा रहा था। तभी मीडियाकर्मी बनकर दो बदमाश बाइक से आए और ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। गोलियां लगने से अतीक व अशरफ लहूलुहान होकर गिर पड़े। दोनों को आनन-फानन स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से दो पिस्टल व छह खोखे मिले हैं। घटना की सूचना पर सभी थानों की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। गौरतलब है कि उमेश पाल अपहरण कांड में एमपीएमएलए अदालत ने अतीक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अतीक अहमद पर सौ से अधिक मुकदमे चल रहे हैं।

अतीक अहमद पर 101 मुकदमे दर्ज थे मौके से दो पिस्टल और छह खोखे बरामद किए गए हैं। दोनों को कॉल्विन अस्पताल ले जाया गया था। इसी दौरान घटना को अंजाम दिया गया। दोनों के सिर में गोली मारी गई और मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। शवों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। बाइक सवार मीडिया कर्मी बनकर आए तीन युवक और गोली मारकर भाग निकले बताया जा रहा है एक बाइक पर सवार होकर तीन मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे और गोली मारकर भाग निकले। दोनों की मौके पर मौत हो गई।



## रिज पर फहराया तिरंगा शिमला में जश्न

**शिमला।** हिमाचल दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर शनिवार को ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश आज एक आदर्श राज्य के रूप में उभरा है और देश के लिए मिसाल है। हिमाचल निर्माता एवं प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. परमार की अगवाई में ही हिमाचल प्रदेश को अस्तित्व में लाने और अलग राज्य बनाने के लिए संघर्ष किया गया था। इसके अतिरिक्त उन्होंने हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्यत्व का दर्जा देने में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सेना तथा सुरक्षा बलों में सेवा प्रदान करना गौरव की बात है।

## यूपी में अपराध की पराकाष्ठा: अखिलेश

**लखनऊ (वार्ता)।** माफिया अतीक अहमद और उसके विधायक भाई अशरफ की पुलिस अभिरक्षा के बावजूद हत्या किये जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये समाजवादी पार्टी



(सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध की पराकाष्ठा हो गयी है और कुछ लोग जानबूझ कर जनता के बीच भय का वातावरण बना रहे हैं। यादव ने देर रात ट्वीट किया " उप्र में अपराध की पराकाष्ठा हो गयी है और अपराधियों के हौसले बुलंद है। जब पुलिस के सुरक्षा घेरे के बीच सरेआम गोलीबारी करके किसीकी हत्या की जा सकती है तो आम जनता की सुरक्षा का क्या। इससे जनता के बीच भय का वातावरण बन रहा है, ऐसा लगता है कुछ लोग जानबूझकर ऐसा वातावरण बना रहे हैं।" गौरतलब है कि अतीक और अशरफ की शनिवार देर रात उस समय तीन हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी जब उन्हे नियमित जांच के लिये कॉल्विन अस्पताल ले जाया जा रहा था।

## कोरोना के बढ़ते प्रकोप के कारण महाविद्यालय में कोविड-19 प्रोटोकोल लागू

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** एस.एम.जे.एन.पी.जी. कॉलेज में आज कोरोना वायरस से बचाव हेतु महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारीगणों हेतु कोविड-19 प्रोटोकोल का पालन करना सुनिश्चित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने बताया कि राज्य भर में एक बार फिर से कोविड-19 का प्रकोप सामने लगा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्रा, शिक्षकों व कर्मचारियों को महाविद्यालय परिसर में मास्क का प्रयोग करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि किसी से



वार्ता करते हुए लगभग तीन फीट की दूरी बनाये रखें। प्रो. बत्रा ने सुझाव दिया कि अक्सर हम अपनी नाक, मुंह और आंखों को बार-बार छूते रहते हैं, ऐसा कतई न करें, क्योंकि हथेली कई सतहों को छूती है ऐसे में उस पर वायरस होते हैं। अपने आस-पास सफाई का विशेष ध्यान रखें। सावधानी के तौर पर संक्रमित लोगों से दूरी बनाकर ही अपना बचाव किया जा सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर प्रवेश करने से पूर्व थर्मल स्क्रीनिंग करानी तथा हाथों का सैनेटाईज करना अनिवार्य है। कोविड-19 हेतु जारी शासन/ जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन आवश्यक है।

## गहलोत सरकार आजादी के बाद सबसे भ्रष्ट सरकार: शाह

**भरतपुर, (वार्ता)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार को आजादी के बाद सत्ता में आई सरकारों में सबसे भ्रष्ट सरकार बताते हुए आरोप लगाया है कि इसने प्रदेश को लूटने का काम किया है। भरतपुर में भाजपा बूथ अध्यक्ष संकल्प महासम्मेलन में कार्यकर्ताओ को आगामी चुनाव में जीत का मंत्र देने आए श्री शाह ने गहलोत सरकार पर तुष्टीकरण के आरोप लगाते कहा कि राजस्थान में सुनियोजित दंगे हो रहे हैं मगर वोट बैंक के चक्कर में कार्रवाई नहीं होती है।

उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट पर तंज कसते कहा कि दोनों सत्ता के लिए लड़ रहे हैं क्योंकि गहलोत सीट से उतरना नहीं चाहते और श्री पायलट को बैठने नहीं दे रहे। श्री



शाह ने कहा कि पायलट कोई भी बहाना करके धरने पर बैठ जाए मगर उनका नंबर कभी नहीं लगेगा। शाह ने कहा कि श्री गहलोत ने राजस्थान को थ्री डी सरकार दी है जिसे आने वाले चुनाव में जनता रहने नहीं देगी। उन्होंने थ्री डी की व्याख्या करते हुए बताया कि पहला डी यानि दंगे, दूसरा डी महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और तीसरा डी दलितों पर अत्याचार का है। इस अवसर पर उन्होंने वर्ष 2024 में राजस्थान के चुनाव में सभी 25 सीटें भाजपा के खाते में जाने की उम्मीद जताते हुए आह्वान किया कि अगर मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है तो इस वर्ष होने वाले राजस्थान के विधानसभा चुनाव में श्री गहलोत को ट्रेलर दिखा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारवाद का विकास भी इस गहलोत सरकार ने किया है और जातिवाद को भड़काने का काम भी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी एवं अर्जुनराम मेघवाल सहित कई नेता मौजूद थे।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## मिट्टी में मिलता माफिया

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विधानसभा में हुंकार हमें आज भी याद है, जब उन्होंने कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। जान के लाले पड़ जाएंगे। माफिया या तो जेल में होगा अथवा उप्र से भाग जाएगा। आज अतीक अहमद की नियति यही लग रही है। अतीक लोकसभा सांसद और कई बार विधायक चुने गए। ऐसे शख्स को माफिया करार देना अजीब लगता है, लेकिन उसका असली चरित्र माफिया का ही रहा है। उसकी कड़ी में मुख्तार अंसारी भी हैं। कुछ और भी होंगे, लेकिन जिस तरह उप्र की स्पेशल टास्क फोर्स ने मुठभेड़ में अतीक के बेटे असद और उसके शूटर गुलाम को ढेर किया है, अतीक जेल की सलाखों के पीछे रह-रह कर रो रहा है, कुनबे की बर्बादी के लिए खुद को कसूरवार मान रहा है, उससे साफ है कि उप्र में 'बाबा की सरकार' माफिया को मिट्टी में मिला कर ही दम लेगी ! असद-गुलाम पर 5-5 लाख रुपए के इनाम घोषित थे। प्रयागराज में उमेश पाल की दिनदहाड़े, सरेआम हत्या के संदर्भ में वे वांछित थे। उमेश बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के इकलौते चश्मदीद गवाह थे। अब असद की मां शाइस्ता परवीन पर भी शक की सुई केंद्रित है। अभी तक वह फरार रही है। यदि असद के जनाजे में वह आई, तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। अतीक और उसके छोटे भाई अशरफ पर साजिश रचने के आरोप हैं। अतीक के दोनों बड़े बेटे लखनऊ जेल में बंद हैं। असद सुपुर्द-ए-खाक किया जा चुका है। छोटे दोनों बेटे सुधार-गृह में बंद हैं। कुछ गुर्गे आज भी फरार हैं। अतीक और उसके करीबियों के महलनुमा मकानों पर बुलडोजर चलाकर, उन्हें जमींदोज किया जा चुका है। अतीक के अपराध, खौफ, यातनाओं के ठिकाने सार्वजनिक हो चुके हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 200 से अधिक बैंक खातों, 100 से ज्यादा बेनामी और अवैध संपत्तियों और 75 लाख रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की है। माफिया का संपूर्ण चक्रव्यूह चिंदी-चिंदी बिखर रहा है।

ये तथ्य भी सामने आए हैं कि अतीक के तार पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े थे। उसके लश्कर-ए-तैयबा सरीखे आतंकी संगठन से भी नापाक जुड़ाव थे। अतीक ने पाकिस्तान और हमारे पंजाब के रास्ते विदेशी हथियार और फंडिंग आदि प्राप्त किए थे। क्या यह माफिया भारत-विरोधी भी रहा है? असद और गुलाम करीब 49 दिनों तक पुलिस और खुफिया टीम की आंखों में धूल झोंकते रहे, लेकिन नियति मुठभेड़ की तय थी। अतीक ने मात्र 17 साल की उम्र में ही अपराध को कबूल कर लिया था। जब उसे माफिया माना गया, तो सरकार के बड़े अधिकारी, पुलिसवाले और यहां तक कि नेता भी खौफ खाते थे। उसके आतंक से आतंकित थे। माफिया को 'शेर' मानने की भी गलतफहमियां जारी रहीं, लेकिन आज उसका साम्राज्य वाकई 'मिट्टी' हो चुका है। अब इस माफिया के मिट्टीकरण पर सियासत भी शुरू हो गई है। अतीक मुलायम सिंह यादव और मायावती के करीब और संरक्षण में रहा है, लिहाजा सपा-बसपा के नेताओं ने मुठभेड़ और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। चूंकि ओवैसी 'मुस्लिमवादी' सियासत करते हैं, लिहाजा वह चिंघाड़ रहे हैं कि पुलिस ही मुठभेड़ में मारती रहेगी, तो अदालतें और जज क्या करेंगे? अदालतों पर ताले लटका देने चाहिए। किसी भी अपराध की सजा सरकार और पुलिस नहीं, न्यायपालिका तय करती है। उप्र में बीते छह साल से भाजपा की योगी सरकार है।

## किसानों की संवेदनाएं समझें सत्ताधीश

प्रताप सिंह



आमतौर पर मशविरा दिया जाता है कि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती लेकिन यदि वास्तव में इनसान किसान की भूमिका में हो तो कृषि व्यवसाय में मेहनत भी शिकस्त का दंश झेलने को मजबूर रहती है। मार्च व अप्रैल महीने में रबी की फसल पूरे शबाब पर होती है। मगर मूसलाधार बारिश व ओलावृष्टि के कहर ने किसानों व बागवानों की कई महीनों की मेहनत पर पानी फेर कर किसानों को मायूस कर दिया है। हिमाचल के निचले क्षेत्रों में बेमौसम बरसात से 'ब्लॉज्म ब्लाइट' रोग ने आम की पैदावार को भारी नुकसान पहुंचाया है। कृषि अर्थशास्त्र की बुलंद इमारत अन्नदाता अतीत से एक बड़े परीक्षार्थी की तरह जीवनयापन करता आ रहा है। मौसम अपने तल्ख तेवरों व बेरूखे मिजाज से किसान वर्ग की सबसे बड़ी परीक्षा लेता है। फसल तैयार होने पर बाजार नाम की व्यवस्था व उपभोक्ता किसानों की परीक्षा लेते हैं। कभी व्यवस्थाओं में बैठे अहलकार तो कभी सरकारें किसानों की परीक्षा लेती हैं। कृषि उत्पादन में कड़ी मेहनत के साथ धन भी खर्च होता है। महंगे बीज, मशीनीकरण, खाद व कीटनाशक किसानों का आर्थिक पक्ष कमजोर करते हैं। सूखे की मार व कोहरे से फसलों की तबाही का खामियाजा भी किसान ही भुगतते हैं। मगर कृषि उपज का मोल बाजार तय करता है। कृषि क्षेत्र के संघर्ष व समस्याओं को समझने में देश की सियासी व्यवस्था ने कभी तत्परता नहीं दिखाई। करोड़ों आबादी को खाद्यान्न उत्पादन करने वाला कृषक वर्ग प्राकृतिक आपदाओं की मार से फसलों की तबाही को कुदरत का कहर या विधि का विधान मान कर खामोशी से सहन कर लेता है। फसल कटाई के बाद खेतों में फसली अवशेष जलाने पर 'एनजीटी', सरकारें व न्यायालय भी किसानों को ही दोषी ठहराते हैं। आखिर किसान अपने दर्द-ए-जिगर का इजहार किससे करे। विडंबना है कि देश में लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायतें उद्योगपतियों के नाम पर हंगामें की भेंट चढ़ जाती हैं, मगर देश की 140 करोड़ आबादी को खाद्य सुरक्षा मुहैया कराने वाले अन्नदाता की समस्याओं का जिक्र तक नहीं होता। फसलों की तबाही का मंजर न्यूज चैनलों की सुर्खियां भी नहीं बनता। लेकिन जब सियासी जमीन खिसक जाए तो सत्ता पक्ष पर निशाना साधने के लिए विपक्षी दलों का मुख्य मुद्दा किसान ही बनते हैं। कृषि अर्थतंत्र का बुनियादी स्तंभ अन्नदाता लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता का जिम्मेदाराना किरदार भी अदा करता है। जम्हूरियत की बुलंदी पर पहुंचने का रास्ता खेत खलिहान व गांव की चौपालों से होकर ही गुजरता है।

चुनावी समर में किसान सियासी दलों की प्राथमिकता में शामिल हो जाते हैं। खोया हुआ जनाधार हासिल करने के लिए सत्ता का समीकरण कृषक समाज के इर्द-गिर्द ही घूमता है। चुनावी मौसम में सियासी मैदान में ताल ठोंकने वाले प्रतिनिधि भी खुद को किसान बताकर किसानों का रहनुमां बनने की पूरी कोशिश करते हैं। कई सियासी रहनुमां किसानों का मसीहा बन कर किसानी से जुड़े मुद्दों को अपना सियासी एजेंडा बनाकर सत्ता की सीढियां चढकर जम्हूरियत की पंचायतों में पहुंच गए। मगर इक्तदार हासिल होने के बाद किसानों के मुद्दे सियासी दलों के एजेंडे से गायब हो जाते हैं। मशहूर ब्रिटिश अर्थशास्त्री 'थॉमस राबर्ट माल्थस' ने सन-1798 में अपनी किताब 'प्रिंसिपल ऑफ पॉपुलेशन' के जरिए दुनिया को चेताया था कि अनाज उत्पादन की तुलना में यदि जनसंख्या अधिक होगी तो बहुत से लोग भोजन की कमी से मरेंगे। जब आबादी खाद्य आपूर्ति से अधिक हो जाए तो खाद्यान्न व जनसंख्या में असंतुलन पैदा हो सकता है।

माल्थस के शत-प्रतिशत सही इस तर्क के भविष्य में परिणाम जो भी हों, मगर हमारे मेहनतकश किसानों ने भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर 'माल्थुसियन सिद्धांत' को कादी हद तक गलत साबित किया है। भारत में निवास करने वाली विश्व की लगभग 18 प्रतिशत दूसरी सबसे बड़ी आबादी को खाद्य सुरक्षा प्रदान की जा रही है। सरकारी डिपुओं में करोड़ों लोगों को अनाज सस्ते दामों पर मिल रहा है। स्कूलों में मिड डे मील योजना के तहत करोड़ों छात्रों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। कई पड़ोसी देशों को अनाज भेजकर आवाम की मदद की जा रही है। देश के अनाज भंडारों में भंडारण क्षमता से अधिक अनाज मौजूद है। यदि देश के किसी हिस्से में भुखमरी या कुपोषण जैसे हालात हैं तो इसके लिए सियासी निजाम जिम्मेवार है। खाद्यान्न, फल-सब्जियां तथा दुग्ध उत्पादन में भारत को विश्व में दूसरे पायदान पर काबिज करके कृषक समाज ने अपनी काबिलीयत का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया है। इन उपलब्धियों का श्रेय भले ही देश के सत्ताधीश लेते हैं।

## व्यवस्था परिवर्तन के लिए कटिबद्ध सरकार

सुखविंदर सिंह सुक्खू

76वें हिमाचल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। देश को आज़ादी मिलने के 8 माह बाद 15 अप्रैल 1948 को यह सुंदर पहाड़ी प्रदेश 30 छोटी-बड़ी पहाड़ी रियासतों के विलय के साथ केन्द्रशासित चीफ कमिशनर्ज़ प्रोविंस के रूप में अस्तित्व में आया था। प्रदेश को एक अलग राज्य के रूप में स्थापित करने का श्रेय तत्कालीन नेतृत्व के साथ-साथ प्रजामण्डल आन्दोलन के नायकों व आंदोलनकारियों और यहां की जागरूक जनता को जाता है। हिमाचल प्रदेश के गौरवमयी इतिहास में धामी गोलीकांड, सुकेत सत्याग्रह, पझौता आन्दोलन का विशेष स्थान है। इस पावन अवसर पर मैं हिमाचल निर्माता तथा प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार तथा उन सभी महानुभावों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस प्रदेश को विशेष पहचान तथा अलग राज्य का दर्जा दिलवाने के लिए अथक प्रयास किए। हिमाचल प्रदेश को वीरभूमि के नाम से भी जाना जाता है। इस अवसर पर मैं प्रदेश के उन सभी बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने वतन के लिए कुर्बानियां दी हैं। मैं कर्मठ व ईमानदार प्रदेशवासियों का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने प्रदेश को देश-विदेश में खास पहचान दिलवाई है। 11 दिसम्बर, 2022 को हमारी सरकार ने कार्यभार सम्भाला। इसी के साथ प्रदेश में जनकल्याण एवं व्यवस्था परिवर्तन के नए युग का सूत्रपात हुआ। मैं मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सचिवालय जाने की परम्परा को बदलते हुए सबसे पहले बालिका आश्रम टूटीकंडी गया। मैं बच्चों से मिला, बातचीत की। उन्होंने कोई मांग नहीं की लेकिन मैंने महसूस किया कि अभाव के बावजूद उनके चेहरों पर कुछ कर गुज़रने का जज़्बा था। नव वर्ष के तोहफे के तौर पर 101 करोड़ रुपये के शुरुआती प्रावधान के साथ सरकार ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय कोष की स्थापना की घोषणा की। सरकार ने निर्णय लिया कि अब ऐसे ही अनाथ बच्चों के माता भी हम होंगे और पिता भी। इनके सुख-दुःख, शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रमण की ज़िम्मेदारी भी अब हमारी ही है।

प्रदेश के लगभग 6,000 अनाथ बच्चों को मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत 'चिल्ड्रन ऑफ स्टेट' के रूप में अपनाने का हमने निर्णय लिया है। हमारी सरकार सत्ता में सुख के लिए नहीं बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए आई है। हमारी सरकार का पहला बजट सामान्य बजट नहीं है। मैंने लगातार विभिन्न विभागों की बैठकें कीं, योजनाओं के बारे में जाना, समझा और चिन्तन-मनन किया। हम प्रदेश के हित में लीक से हट कर बजट लाए। आपको बजट में शामिल की गई योजनाओं का प्रभाव एक साल के भीतर ही दिखना शुरू हो जाएगा। हम चाहते हैं कि प्रदेश आत्मनिर्भर बने और हमारी आर्थिकी मज़बूत हो। हमारा पहला वायदा पुरानी पेंशन योजना बहाल करना था। हमने पहली कैबिनेट बैठक में ही 1.36 लाख सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के तहत लाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में हमने 2.31 लाख महिलाओं को 1500 रुपये पेंशन देने का निर्णय लिया। विधवाओं एवं 40 से 69 प्रतिशतता वाले दिव्यांगजनों को पेंशन पाने के लिए हमने आय सीमा और ग्राम सभा से अनुमति की शर्त समाप्त कर दी है। विधवाओं और एकल नारियों को मकान बनाने के लिए मुख्यमन्त्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना आरम्भ की जा रही है। इसके तहत इस वर्ष 7000 ऐसी महिलाओं को 1.50 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। इस योजना का लाभ पाने के लिए वार्षिक आय सीमा दो लाख रुपये निर्धारित की गई है।

बेटियों को सम्पत्ति में समान अधिकार प्रदान करने की दिशा में सरकार ने निर्णायक कदम उठाया है। विधानसभा में हिमाचल प्रदेश भू-जोत अधिकतम सीमा अधिनियम 1972 में संशोधन विधेयक पारित किया गया है। अब लैंगिक असमानता को बढ़ावा देने वाले असंवैधानिक खण्डों को हटाकर बेटियों को पैतृक सम्पत्ति के भू-स्वामित्व में समान अधिकार सुनिश्चित किया गया है। 'यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम' (पॉक्सो) के प्रावधानों के बारे में मुख्यमन्त्री सुरक्षित बचपन अभियान के अन्तर्गत प्रदेशवासियों, विशेषकर बच्चों को जागरूक किया जाएगा। राज्य में नशे की समस्या से निपटने के लिए विशेष कार्य दल का गठन किया जा रहा है। प्रदेश की आबो-हवा और बहता पानी हमारे लिए वरदान है। पहली बार हम एक लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। मार्च, 2026 तक इस प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन एवं अमोनिया परियोजना के लिए समझौता किया है। इससे प्रदेश में 4,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश होगा तथा 3500 से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश में 6 ग्रीन कॉरिडोर घोषित किए गए हैं, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से यातायात सुविधा प्रदान की जाएगी। सरकार के प्रयासों से प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है। निजी संचालकों को इलेक्ट्रिक बस, इलेक्ट्रिक ट्रक, इलेक्ट्रिक टैक्सी, इलेक्ट्रिक ऑटो तथा ई-गुड्स कैरियर्ज लेने पर 50 प्रतिशत की दर से अधिकतम 50 लाख रुपये का उपदान दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। हमने इस दिशा में कार्य करना शुरू कर दिया है। प्रदेश में एशियन विकास बैंक की सहायता से 1311 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विकास योजना भी शुरू की जाएगी।

**वैद्यानिक सूचना**
**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# तेरि डेल्हि माई धरि फूल पाती, भोल.का साल तू खिलौली नाती,

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**देहरादून।** फूलदेई को देश दुनिया के बच्चों को सृजनशील और संवेदनशील बनाने का पर्व बने दस हजार बच्चों की फूलदेई के समापन पर बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ लोगों ने किये किताबें के कोने भेंट-धाद द्वार प्रदेश के दस हजार बच्चों के लिए आयोजित सृजन के बाल पर्व फूलदेई का समापन संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में किया गया। इस अवसर फूलदेई रचनात्मक प्रतिभाग में छात्रों द्वारा बनाई गयी शीट की प्रदर्शनी भी लगायी गयी एन आई वी एच और जी जी आई सी अजबपुर और जूनियर हाई स्कूल लाल तप्पड़ के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ इस अवसर पर कोना कक्षा का कार्यक्रम के सदस्य स्कूलों को किताबे भेंट की गयी। फुलारी गीत के साथ फूलदेई को करोड़ों लोगों तक ले जाने वाले पांडवाज टीम ने आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि जाड़ा जाने और बसन्त आने पर उत्तराखण्ड के बच्चे जो सैनिक परम्परा की पृष्ठभूमि से हैं वो अपने भूगोल, वन, प्रकृति से स्वयं को समझना ऊंचे-नीचे, फिसलन भरे रास्तों पर चलना शुरू करते हैं। उन्होंने फूलदेई गीत फूलदेई घोघा त्वेआसीस देला, तेरा चौक औलिब्वारि ढस्कैकि डोला। तेरि डेल्हि माई धरि फूल पाती, भोल.का साल तू खिलौली नाती। इन गीतों को भगवान के बाल रूप का आशीष भी माना जाता है।

आयोजक टीम कोना कक्षा का की ओर से बोलते हुए संयोजक गणेश चंद्र उनियाल और आशा डोभाल ने बताया कि कोन कक्षा का शिक्षा में समाज की रचनात्मक भूमिका का अभियान है जिसमें आम समाज के सहयोग से प्रदेश के सैकड़ों स्कूलों में 700 किताबों के कोने स्थापित किये जा चुके हैं उसी के अंतर्गत फूलदेई को सृजन का बालपर्व बनाते हुए इस बार प्रदेश के 400 से अधिक स्कूलों के दस हजार बच्चों ने फूलदेई का हिस्सा बनने के लिए प्रतिभाग किया था। कोना कक्षा का के विचार को बनाने वाले तन्मय ममगाईं और सुनील भट्ट ने बताया की उत्तराखण्ड की सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को लेकर समाज में गहरी उदासीनता है जबकि लाखों बच्चे इस व्यवस्था से निकल रहे हैं ऐसे में समाज को उन स्कूलों से रचनात्मक रूप से जोड़ते हुए इस अभियान की नींव रखी गयी थी। महज पांच सालों में आज प्रदेश के हर जिले के स्कूलों तक यह पहुंच गया है। इस अवसर पर अभियान से जुडे हुए शिक्षक देहरादून से मनीषा ममगाईं, राजीव पांथरी, पौड़ी से जगमोहन सिंह रावत ने बिमल रतूड़ी से अपने अनुभव साझा किये जिसमें समाज से जुड़ाव के चलते स्कूलों पर हो रहे प्रभाव पर बात हुई। शिक्षक आज के दौर में नयी चुनौतियों से जूझ रहे हैं जिन्हे समझना जरुरी है सामाजिक सहयोग के साथ इनके लिए काम कर पाना।

अभियान की सहयोगी महिला आयोग की पूर्व सचिव रमिंद्री मंद्रवाल, रूम टू रीड की स्टेट हेड पुष्पलता रावत पूर्व शिक्षाधिकारी पुष्पा खंडूरी ने अर्चना ग्वाड़ी से बात करते हुए बताया कि समाज को किसी भी गतिविधि में शामिल कर पाना एक विशेष चुनौती है लेकिन वास्तविक बदलाव यहीं से प्रारम्भ होता है।

आयोजन की अध्यक्षता कर रहे लोकेश नवानी ने कहा कि दुनिया में किसी भी संस्कृति में जो सुंदर है वह बचा रहना चाहिए। उत्सव मूलतः खुशी और सामूहिकता के आयोजन हैं। यदि इनमें वर्तमान के अनुसार रचनात्मक और सकारात्मक विचार जुड़ते हैं तो ये अधिक सार्थक होंगे। क्योंकि परंपरा से इन्हें सामाजिक आधार प्राप्त है और वर्तमान से जोड़ने पर वे उद्देयपूर्ण और प्रासंगिक हो जाते हैं।

इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों को औपचारिक रूप से किताबों के कोने भेंट किये गये। अभियान में रचनात्म योगदान देने के लिए शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिम फउंडेशन के अजय बहुगुणा, आर आई एम्टी के मितेश सेमवाल, हुड़को के संजय भार्गव, कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना, प्रदीप डोभाल, राज्य आंदोलनकारी मंच के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती, गढ़वाल सभा के अध्यक्ष रोशन धस्माना, माया इंस्टीट्यूट से प्रभा जुयाल, विजय जुयाल, दयानंद डोभाल, वी पी कंडवाल, बी एम उनियाल, डॉ राकेश बलूनी, शादाब अली, डॉ संध्या नेगी, विनीता मैठाणी, डॉ विद्या सिंह, सिद्धार्थ शर्मा, मीना जोशी, ज्योति जोशी, विनीता उनियाल, डी सी नोटियाल, रुचि सेमवाल, अनिता, विकास बहुगुणा, माधुरी रावत, शांति बिंजोला, विमल रतूड़ी, सुशील पुरोहित आदि उपस्थित रहे।

## छोटी नहर ओवरफ्लो होने से भरा पानी, लोगों ने किया प्रदर्शन



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** कनखल से जमालपुर और अन्य गांव में सिंचाई के लिए जाने वाली छोटी नहर (रजवाहा) ओवरफ्लो हो गई। जिससे नहर का सारा पानी जगजीतपुर पीठ बाजार में भरने से लोगों का गुस्सा भड़क गया। लोगों ने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। समस्या दूर नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। बीते नहर ओवरफ्लो होने से पिछले दो तीन दिन से जगजीतपुर पीठ बाजार की सड़कों पर नहर का पानी भर रहा है पानी भरने से सड़कों पर चलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां अस्थाई रेडी, ठेली लगाकर सामान बेचने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी कृष्ण लाल प्रजापति ने कहा कि नहर का पानी भरने से स्थानीय लोगों और व्यापारियों के लिए परेशानी का सबब बन गई। तालमेल की कमी के चलते छोटी नहर में पानी ज्यादा छोड़े जाने के कारण नहर ओवरफ्लो हो गई है। नहर ओवरफ्लो होने से क्षेत्र की सड़कों, लोगों के घरों और दुकानों में नहर का पानी भर रहा है। पानी भरने से लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि दो-तीन दिन से लगातार नहर का पानी बाहर निकल रहा है। जिस पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सूचना भी दे दी गई। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। शनि मंदिर के पंडित पंकज जोशी ने बताया कि छोटी नहर ओवरफ्लो होने से नहर का पानी सड़कों से लेकर घरों और दुकानों तक जा पहुंचा है। पिछले कुछ दिनों में कई बार छोटी नहर ओवरफ्लो हो चुकी है। जगजीतपुर पीठ बाजार चौराहे पर स्थानीय लोग ठेली लगाकर अपना गुजर बसर करते हैं। पानी भरने से लोग काम भी नही कर पा रहे है। नहर ओवरफ्लो होने की सूचना सिंचाई विभाग को दी गई थी। लेकिन बाद भी कोई कर्मचारी व अधिकारी पानी का फ्लो रोकने के लिए मौके पर नहीं पहुंचा है। नहर का पानी सड़क पर से मंदिर में आने वाले भक्तों को दिक्कत हो रही है। विरोध करने वालों में पंडित पंकज जोशी, पवन धीमान, आशु धीमान, सोनू, राजेंद्र, राजेश, रमेश, दीपक कुमार, ऋषभ कश्यप, लव आदि उपस्थित रहे।

**सिंचाई विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रही जनता: कृष्णलाल प्रजापति**

## गंगा सेवक दल वा एनएसीसी कैडेट्स ने गंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

सुमित यशकल्याण, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** आज श्री गंगा सभा के गंगा सेवक दल एवं शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजनियरिंग, देहरादून के सैकड़ों एनसीसी वा एनएसएस कैडेट्स द्वारा सीसीआर गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। गंगा सेवक दल के अभियान से जुड़ते हुए सभी कैडेट्स ने पूरे उत्साह के साथ गंगा घाटों पर पड़े कूड़े को साफ किया तथा स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। सफाई अभियान के दौरान एकत्रित हुए कूड़े को साथ के साथ कूड़ा बैग में भर दिया गया जिससे पुनः कूड़ा फैल न सके।

इस अवसर पर श्री गंगा सभा के महामंत्री तन्मय वशिष्ठ ने छात्रों का आभार जताते हुए कहा की गंगा स्वच्छता, निर्मलता एवं पवित्रता का संदेश हमारे सनातन संस्कार में हैं और चूंकि एनसीसी एवम्-एनएसएस से है तो वहा सेवा करने का जो भाव सिखाया जाता है वो आज आपने किया है हम भगवती गंगा जी से आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करतें हैं। गंगा सेवक दल के दलपति पुनीत त्रिपाठी



एवं सचिव उज्ज्वल पंडित ने कहा की हम इस अभियान को एक। आंदोलन के रूप में खड़ा करेंगे। इसके स्तर को इतना व्यापक बनाने का प्रयास करेंगे की यह गंगा सेवा अनवरत नित्य प्रतिदिन चलती रहे और हर कोई इस अभियान से जुड़े। उन्होंने कहा की जिस प्रकार हम प्रतिदिन सांध्यकालीन गंगा आरती में लोगो को स्वच्छता की संकल्प दिलाते है इसी प्रकार विभिन्न संस्थानों में पहुंचकर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज से आए लेफ्टिनें अनिरुद्ध कुलकर्णी ने कहा की श्री गंगा सभा का यह कार्य सरहनीय है हमारा संस्थान भविष्य में भी श्री गंगा सभा के साथ इस अभियान से जुड़ा रहेगा। इस अवसर पर पुनीत झा, दीपांकर चक्रपाणि, शिवांकर चक्रपाणि, बाबूराम मिश्रा, अनिल कौशिक, सचिन गौतम, वैभव भक्त, आदित्य शिवपुरी, पियूष कौशिक, गौरव सरदार, युवराज मिश्रा बा अंश त्रिपाठी सहित सैकड़ों एनसीसी वा एनएसएस कैडेट्स मौजूद रहे।


## अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह आज, विभिन्न वर्ग में प्रतिभाओं का होगा सम्मान



**हरिद्वार।** तीर्थ नगरी हरिद्वार की पावन भूमि पर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय एवं राज्य पर नाम रोशन करने की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता कार्तिक कुमार चेयरमैन की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह 2023, शून्य से शिखर तक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अतिथियों का पहुंचना शुरू हो गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को स्थानीय होटल में आयोजित भव्य समारोह में उत्तराखंड विभिन्न सेलिब्रिटी, मुंबई से आए हुए अतिथि, जूनियर गुथी, कॉमेडियन, डायरेक्टर प्रोड्यूसर, टीवी कलाकार, पुलिस प्रशासन, पत्रकार, समाज सेवी संस्थाएं, सुंदर कार्य करने, ओर टीवी कलाकार, योगा, गायन, विभिन्न प्रतिभागियों को सम्मानित किया किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, इं रवि बहादुर, विधायक ज्वालापुर, मेयर अनीता शर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, सुशील राठी सहित वरिष्ठ अतिथि, अति विशिष्ट, देश विदेश की जानी-मानी हस्तियां रहेंगी। साथ में समाजसेवी, विभिन्न संस्थाओं के अध्यक्ष प्रोग्राम को प्रोत्साहन देने के लिए मौजूद रहेंगे।


# यह शादी का कार्ड समाज में बना चर्चा का विषय

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो










**रुद्रप्रयाग**। नशा किसी भी समाज और परिवार के लिऐ ठीक नही होता है इसका गलत असर युवाओं पर पढता है जिसका ख़ामियाज़ा महिलाओं और समाज को उठाना पड़ता है । आज शादीयो में शराब का प्रचलन बहुत बढ गया है जिससे लड़ाई झगड़े भी होते है इस बुराई को दूर करना हमारा फ़र्ज़ है कुसुम जोशी

दिखावे के नाम पर हमारे समाज में शादी के दिन शराब परोसने की परम्परा है जिसमें समाज का गरीब तबका कभी कभी समाज के जागरूक लोग भी मजबूरी में या दिखावे में शराब की पार्टी रखते है ये एक समाजिक बुराई है ये बुराई कम हो यह बेड़ा रकुसुम जोशी ने उतराखण्ड में ढेड दशक से उठाया है

आजकल शादी का एक निमंत्रण पत्र बेहद चर्चा का विषय बना हुआ है मूल रूप से रूदप्रयाग निवासी वर्तमान ऋषिकेश निवासी श्रीमती कुसुम जोशी जी ने अपने बेटे शुभम की शादी के कार्ड अंतर्देशीय पत्र ओर पोस्ट कार्ड में निमत्रण पत्र डिजाइन करवाया है।

मेहमानों को न्यौता देने के लिए जोशी परिवार ने अंतर्देशीय पत्र पर 'ब्यो कु न्यूतु' नामके निमंत्रण पत्र छापा है। गढ़वाली बोली और देवनागरी लिपि में छापे गए इस न्यौते ही हर तरफ चर्चा है। कुसुम जोशी जी ने कहा है कि मांगलिक कार्यक्रम में शराब की जगह संस्कार परोसिऐ जो की 'मैत्री संस्था' का उद्देश्य है।

हम गढ़वाली भाषा को बचाने का प्रयास कई वर्षों से कर रहे है कुसुम जोशी के पति राजेंद्र जोशी ने बताया की "मेरु गौं, मेरु तीर्थ'

'अतिथि सत्कार म्यारा मुल्के की रीत' संलोगन भी कार्ड में लिखा है ताकि लोग अपने उतराखण्ड के मूल अपने गाँव से जुडे रहे कार्ड में अपने गाँव की तस्वीर लगाई गयी है ।

हमारी संस्था उद्देश्य है लोग अपने मेहनत का पैसा शराब के आयोजन में ना लगाएँ। हमने इस विवाह में कोशिश की है शादी में शराब पर होने वाले खर्च को पौराणिक माँगल गीत उतराखण्ड के वाध्य यंत्र ढोल दमाऊ मास्कवीन रणसिंगा कुमाऊं का पारंपरिक छोलिया को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय लोक कलाकारों की प्रस्तुति रखी गयी है ।जिसमें मांगल गीतों में उतराखण्ड की लोकगायिका रेखा धस्माना उनियाल की टीम ओर दुसरे दिन आशिर्वाद सामारोह में लोकगायक सोरब मैठाणी की टीम की प्रस्तुति होगी

इसके अलावा दूसरे पन्ने पर भी गढ़वाली में शादी के ब्यौरे दिए गए हैं। कुसुम जोशी का बेटा देहरादून उत्तरांचल यूनिवर्सिटी में कार्यरत है इसलिए शादी ऋषिकेश से कर रहे हैं ।कुछ कार्यक्रम मूल गाँव भ्युता भरदार रूदप्रयाग में सम्पन होंगे । ताकि गाँव से भी जुडाव रहे कुसुम जोशी

लंबे समय से नशाबन्दी अभियान से जुडी हुईं हैं हज़ारों नशामुक्त विवाह करा चुकी है इस शादी से नशा मुक्तशादी का संदेश दे रही है गढ़वाली बोली भाषा संस्कृति को बचाने के लिऐ माँगल गीतों को बढावा दिया है ।क

ुसुम जोशी कई महिलाओं और कलाकारों को रोज़गार की मुहिम में जुटी हुई हैं। कुसुम जोशी जी का कहना जो पैसा शराब पर खर्च करना था वो हमने स्थानीय कालाकारों एवं माँगल गीतों और पहाडी वाध्य यंत्रों पर लगाया है इससे संस्कृति भी बचेगी ओर स्थानीय कलाकारों रोज़गार और युवाओं को उत्तराखंड की लोकसंस्कृति को देखने का मौक़ा मिलेगा

कुसुम जोशी मैत्री नशा उन्मूलन संस्था ऋषिकेश

## ध्रुव चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल में टीवी के मरीजों का नि:शुल्क लाइफटाइम इलाज शुरू



सुमित तिवारी, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो,

**हरिद्वार**। श्री ध्रुव चेरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल में टीवी के मरीजों को निशुल्क लाइफटाइम उपचार का लाभ मिलने जा रहा है। शनिवार को हॉस्पिटल के प्रबंधक एवं संचालक बाबा बालक दास ने फीता काटकर टीवी जांच केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर बाबा बालक दास ने कहा कि दिनोंदिन ध्रुव चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। इसके चलते हॉस्पिटल में चिकित्सीय सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस कड़ी में शनिवार को टीबी की बीमारी से ग्रस्त मरीजों के लिए लाइफटाइम निशुल्क उपचार शनिवार को शुरू किया गया है। जिसमें ईलाज के लिए हास्पिटल आने वाले मरीजों को चेकअप और टी बी की दवाईयां बिल्कुल निशुल्क दी जाएगी।

हास्पिटल के पीआरओ प्रशांत कुमार ने बताया कि टीबी जांच केंद्र का उद्घाटन हास्पिटल के प्रबंधक स्वामी बालक दास महाराज के कर कमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर बाबा बालक दास महाराज ने कहा कि ध्रुव चैरिटेबल ट्रस्ट हॉस्पिटल जनसेवा के लिए समर्पित है। मरीजों का आसमान कार्ड पर निशुल्क उपचार किया जा रहा है। जल्द ही एएसआई सहित अन्य कार्डों पर सुविधाओं का विस्तार कर मरीजों को राहत देने की कार्रवाई चल रही है। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को हरिद्वार देहरादून एवं नजीबाबाद के चक्कर काटने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। ऐसे में मरीजों के बेहतर इलाज के साथ समय की भी बचत होगी। आने वाले दिनों में हॉस्पिटल में अन्य चिकित्सीय सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा हॉस्पिटल के संचालन में एकमात्र बाधा पक्की सड़क का निर्माण हैं इसके लिए वे निरंतर सरकार से निवेदन करते चले आ रहे हैं। जल्द ही पक्का सड़क का निर्माण होने के उपरांत मरीजों को आने जाने में सुविधा मिलेगी। इसके लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर बाबा सेवादास महाराज, देवदास महाराज, बृज बिहारी , विनोद, प्रशांत कुमार , सुशांत ,चेतना चौहान, लक्ष्मी रानी, निशु,नीरज, विजेंद्र, सचिन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बैशाखी के दिन गुरु गोविंद ने की थी खालसा की स्थापना: जगजीत सिंह

गौरव कुमार, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार** । कनखल स्थित निर्मल संतपुरा आश्रम में गुरु अर्जुन देव, गुरु तेग बहादुर प्रकाश पर्व और खालसा सृजन दिवस धूमधाम से मनाया गया। देर शाम गुरुद्वारे में रहरास साहिब पाठ के उपरांत शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे माथा टेका। इस अवसर पर निर्मल संतपुरा आश्रम के प्रधान संत बाबा जगजीत सिंह शास्त्री ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने गुरु के बताए मार्ग पर चलकर अपना जीवन सफल बनाए। सभी में भाईचारा बना रहना चाहिए। गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना बैसाखी वाले दिन आनंदपुर साहिब में की थी। इस अवसर पर संत मंजीत सिंह, संत त्रिलोचन सिंह, संत बलजिंदर सिंह, चेतन शर्मा, अमर, महेश, महेंद्र सिंह, हरजीत सिंह दुआ, टेक सिंह, रणजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

## जुड़-शीतल के साथ हुआ, मैथिली नव वर्ष का शुभारंभ

विकास कुमार झा, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार**। मैथिली नव वर्ष को जुड़ शीतल के नाम से भी जाना जाता है. भारत और नेपाल के मिथिला क्षेत्र में मैथिली नव वर्ष के पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है. आमतौर पर ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार, मैथिली नव वर्ष 15 अप्रैल को मनाया जाता है, इस साल 14 अप्रैल यानी आज यह पर्व मनाया गया . जुड़ शीतल का मतलब शीतलता की प्राप्ति है, इसलिए मैथिली नव वर्ष के रूप में शीतलता का लोकपर्व जुड़ शीतल मनाया जाता है. जिस तरह से मिथिला के लोग छठ में सूर्य और चौरचन में चंद्रमा की पूजा करते हैं, उसी तरह से जुड़ शीतल पर मैथिली समाज के लोग जल की पूजा करके शीतलता की कामना करते हैं. इस पर्व के पहले दिन सतुआन होता है, जबकि दूसरे दिन धुरखेल मनाया जाता है और इस दौरान पूरा समाज कुएं और तालाब की सफाई करता है.



बिहार सरकार आधिकारिक तौर पर इस दिन को मैथिली दिवस कहती है. मिथिला समाज के लोग इस दिन चूल्हा नहीं जलाते हैं और सतुआन के अगले दिन सत्तू व बेसन से बनाए गए बासी भोजन को ही खाते हैं.बहरहाल, इस पर्व को मनाने के पीछे फसल तंत्र और मौसम भी कारक है, मिथिला में सत्तू और बेसन की पैदावार इसी समय होती है. वैज्ञानिक नजरिए से देखें तो सत्तू और बेसन से बने व्यंजन अधिक समय तक खराब नहीं होते हैं. गर्मी के मौसम में खाने-पीने की चीजें जल्दी खराब हो जाती हैं, जिससे बचने के लिए सत्तू और बेसन का इस्तेमाल अधिक किया जाता है. इस दिन घर के बड़े बुजुर्ग अपने से छोटे लोगों के सिर पर बासी पानी डालकर 'जुड़ैल रहु' का आशीर्वाद देते हैं. उनका मानना है कि इससे पूरी गर्मी सिर ठंडा रहता है, इसके साथ ही इस दिन शाम के समय परिवार के सभी लोग पेड़ पौधों को जल से सींचते हैं।

# एचडीएफसी बैंक का वार्षिक समेकित शुद्ध लाभ 21 प्रतिशत बढ़ कर 45,997 करोड़ रुपये




**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** निजी क्षेत्र के बड़े बैंकों में प्रमुख एचडीएफसी बैंक ने गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 में समेकित रूप से 45,997 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ दर्ज किया] जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 20.9 प्रतिशत अधिक है। बैंक की शनिवार को जारी तिमाही वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही में बैंक का शुद्ध समेकित लाभ 20.6 प्रतिशत बढ़ कर 12,594.5 करोड़ रुपए रहा।

पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में एचडीएफसी बैंक की एकीकृत आय एक वर्ष पहले इसी तिमाही के 28,734 करोड़ रुपये की तुलना में 20.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ करीब 34,553 करोड़ रुपये रही। बैंक ने पिछली तिमाही में एकल आधार पर 19.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12,047.5 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ कमाया। इस दौरान एकल आधार पर बैंक की शुद्ध आय 21 प्रतिशत वृद्धि के साथ 32,083 करोड़ रुपये रही। वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में एकल आधार पर बैंक ने करीब 26,510 करोड़ रुपये का शुद्ध राजस्व अर्जित किया था। बैंक ने 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष में एकल आधार पर कुल 192,800.4 रुपये की आय दर्ज की। वर्ष के दौरान बैंक की शुद्ध आय (शुद्ध ब्याज आय और अन्य आय) 118057 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 19.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ लगभग 44,109 करोड़ रुपये था।

इस दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय एकल आधार पर 23.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 23,352 करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय एकल आधार पर 18,872.7 करोड़ रुपये थी। वर्ष 2022-23 के अंत में बैंक की सम्पत्तियों और देनदारी का लेखा-जोखा 19.2 प्रतिशत बढ़ कर 24,66,081 करोड़ रुपये हो गया। वर्ष के अंत में बैंक में कुल जमा राशि 20.8 प्रतिशत की स्वस्थ वृद्धि के साथ 18,83,395 करोड़ रुपये और कुल दिया गया कर्ज 16.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 16,00,586 करोड़ रुपये था। एचडीएफसी बैंक के निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए शेयरधारकों को प्रति एक रूप के अंकित मूल्य वाले शेयर पर 19 रुपये का लाभांश देने की घोषणा की है। पिछले वित्त वर्ष में इसने 15 रुपये प्रति शेयर का लाभांश दिया था। गत 31 मार्च को बैंक के नेटवर्क में कुल 7821 शाखाएं और 19727 एटीएम काम कर रहे थे। वर्ष के अंत में बैंक की सकल एनपीए सकल कर्ज के 1.12 प्रतिशत और शुद्ध एनपीए 0.27 प्रतिशत रही। दिसंबर 2022 में समाप्त तिमाही में सकल एनपीए 1.23 प्रतिशत था। इसमें कृषि क्षेत्र के कर्जों के एनपीए का आंकड़ा नहीं है।

# अब ट्विटर पर ट्वीट के लिए लिख सकेंगे 10 हजार अक्षर



**वाशिंगटन।** माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने 'ट्विटर ब्लू' उपयोगकर्ताओं के लिए ट्वीट में अक्षरों की अधिकतम संख्या 10,000 तक बढ़ा दी है और बोल्ड एवं इटैलिक टेक्स्ट फॉर्मेटिंग फंक्शन भी पेश किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसने अपने ट्विटर राइट अकाउंट पर कहा कि हम ट्विटर पर लिखने और पढने के अनुभव में सुधार कर रहे हैं।

आज से ट्विटर बोल्ड और इटैलिक टेक्स्ट फॉर्मेटिंग के साथ 10,000 अक्षरों तक के ट्वीट की अनुमति देता है। इन नई सुविधाओं का उपयोग करने के वास्ते ट्विटर ब्लू के लिए साइन अप करें। गौरतलब है कि अमेरिकी कारोबारी एलॉन मस्क ने अक्तूबर, 2022 के अंत में ट्विटर के 44 अरब डॉलर के अधिग्रहण को अंतिम रूप दिया। ट्विटर मूलतः एक अमरीकी कंपनी है, जिसकी स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी और जिसका मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में था। अधिग्रहण के बाद, मस्क ने कंपनी के दिन-प्रतिदिन के संचालन को बदल दिया, जिसमें ट्विटर की गोपनीयता, साइबर सुरक्षा और सेंसरशिप के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को बर्खास्त किया जाना भी शामिल था। इसके अलवा, ट्विटर के लगभग दो-तिहाई कर्मचारियों को भी नौकरी से निकाल दिया गया।



# गोयल ने इतालवी उद्यमियों को भारत में निवेश के अवसरों की ओर किया आकर्षित

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इटली की अपनी यात्रा में वहां के उद्यमियों को भारत के साथ कारोबार के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि देश इस समय निवेश के लिए विश्व के सबसे विश्वसनीय बाजारों में से एक है और यहां अनेकानेक अवसरों की भरमार है। श्री गोयल के पास उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्रालय का भी प्रभार है। गोयल ने रोम में गुरुवार को कंपनियों के मुख्य कार्यकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक खुली अर्थव्यवस्था है और वैश्विक स्तर पर उसके संपर्क हैं। भारत यूरोपीय संघ के बीच मुक्त समझौते की वार्ता चल रही है। गोयल ने भारत-इटली की भागीदारी के लक्ष्य ऊंचे होने चाहिए क्योंकि हाल में इसको रणनीतिक स्तर की भागीदारी का रूप दिए जाने से इसके लिए अब नयी नयी संभावनाएं बनी हैं। वाणिज्य मंत्री ने वहां बताया कि किस तरह भारत का वैश्विक बाजारों के साथ कारोबार फैल रहा है और पिछले दो साल में देश के कुल निर्यात में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# जिन्दल स्टील ओडिशा में लगाएगा नया रेल मिल

**रायपुर (वार्ता)।** उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ओडिशा स्थित अपने अंगुल स्टील परिसर में 1.2 एमटीपीए की रेल और हेवी स्ट्रक्चर मिल लगाएगी। कम्पनी की आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार छत्तीसगढ़ स्थित रायगढ़ स्टील प्लांट में एक एमटीपीए (प्रतिवर्ष 10 लाख टन) क्षमता की रेल मिल से जेएसपी ने 1175 एचटी, आर 350 एचटी, एसिमेट्रिक रेल और खासकर मेट्रो-मोनो ट्रेन जैसी तेज गति की गाड़ियों के लिए 1080 एचएच रेल भी विकसित की है। जेएसपी ये उत्पाद आयात के विकल्प हैं और 25 एमटी से अधिक के भारी-भरकम एक्सेल लोड के लिए आवश्यक भी हैं इन रेलों का उपयोग मुख्य रूप से मेट्रो, बुलेट ट्रेन समेत तेज गति से चलने वाली ट्रेनों के सुचारु संचालन में किया जाता है। रायगढ़ रेल मिल नियमित रूप से भारतीय रेलवे, डीएफसीसी और राष्ट्रीय महत्व की अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं को 260 मीटर रेल की आपूर्ति कर रही है।




# स्मार्ट टीवी पर 60% डिस्काउंट; ब्रांडेड मोबाइल भी सस्ते, amazon पर शुरू हुई सेल

**नई दिल्ली।** अगर आप ऑनलाइन शॉपिंग की सोच रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए ही है। ऑनलाइन प्लेटफार्म एमजोन पर किफायती और सस्ती दरों पर 14 अप्रैल से शॉपिंग शुरू होने जा रही है, जो कि 17 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें ग्राहकों को भारी डिस्काउंट दिया जाएगा।

बड़ी बात यह है कि स्मार्ट टीवी पर 50 से 60 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके अतिरिक्त स्मार्टफोन पर भी डिस्काउंट दिया जाएगा, जिसमें सैमसंग, वन प्लस, रेडमी जैसे कई ब्रांड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अन्य प्रोडक्ट्स पर भी भारी छूट मिलेगी। ऐसे में अगर आप भी मनपसंद चीज़ लेने की सोच रहे हैं, तो 14 अप्रैल से तैयार हो जाएं।

# भारत के प्रस्तावों पर सदस्य देशों की सहमति



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी-20 समूह के अपने समकक्षों के साथ कई बैठकों के बाद कहा कि समूह ने भारत के कई प्रस्तावों का समर्थन किया है और इसमें सक्रिय भागीदारी पर विमर्श किया गया है। भारत ने पिछले साल दिसंबर में जी.-20 की एक साल की अध्यक्षता संभाली थी और इसने सितंबर की शुरुआत में नई दिल्ली में वैश्विक नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने का लक्ष्य रखा है। जी-20 दुनिया की 20 प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक महत्वपूर्ण मंच है। सीतारमण ने गुरुवार को वाशिंगटन में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वार्षिक वसंत बैठक से इतर जी-20 देशों के अपने समकक्षों से मुलाकात की।

वहीं एक बैठक के दौरान विश्व बैंक अध्यक्ष डेविड मालपास ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य के लिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की है। उन्होंने कहा कि हम यह देखकर बहुत खुश हैं कि भारत के ज्यादातर प्रस्तावों का अच्छी तरह से समर्थन किया गया है और सदस्य देशों की ओर से सक्रिय भागीदारी हुई है। मंत्री ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की दूसरी बैठक में वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना, कराधान के मसले पर चर्चा हुई।

## तीन से बढ़ाकर पांच फीसदी करेंगे खेल कोटा, विक्रमादित्य बोले, सितंबर-अक्तूबर में करवाएंगे ग्रामीण ओलंपियाड



हिमाचल प्रदेश में नई खेल नीति के तहत सितंबर और अक्तूबर महीने में ग्रामीण ओलंपियाड का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही खेलों के प्रति युवाओं के रुझान को बढ़ाने के लिए और नशे के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करने के लिए रोजगार की दिशा में खेल कोटे को तीन से बढ़ाकर पांच प्रतिशत किया जाएगा। खेल एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सुंदरनगर दौरे के दौरान मानव सेवा ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित टूर्नामेंट के शुभारंभ पर एमएलएसएम कालेज के खेल मैदान में संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रूरल ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है, उसमें प्रदेश भर के कोने कोने से 40,000 से अधिक युवा खिलाड़ी विभिन्न ग्रामीण खेलों में भाग लेंगे। खेलों इंडिया के तहत बजट का प्रावधान किया जाएगा। प्रदेश से अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों के लिए खेल विभाग में विशेष कोष बनाया जाएगा और खिलाडियों को जल्द से जल्द इस कोष के माध्यम से सम्मान राशि से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के साथ खेल विभाग में जो भी पद खाली पड़े हैं, उनको भरने की दिशा में समय रहते उचित कदम उठाए जाएंगे। एक सवाल के जवाब में खेल मंत्री ने कहा कि हरियाणा में एक ही खेल हैंडबाल के 62 कोच हैं और हिमाचल की बात की जाए, तो यहां पर सभी खेलों के मात्र 45 कोच तैनात किए गए हैं। उन्होंने जवाब दिया कि जल्द ही इस दिशा में नई खेल नीति के तहत खेलों को बढ़ावा देने के लिए खाली पदों को भरने में प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर, हेमंत शर्मा, निक्कु राम सैनी, हेम राज, हरेंद्र सेन, नरेश सेन, केसरी लाल चौहान, यादवेंद्र शर्मा, रविंद्र शर्मा, शशि शर्मा, तरुण पाठक, अतुल आदि मौजूद रहे।



## आनलाइन सट्टेबाज कंपनी का साथ देकर मुश्किल में फंसे मैकुलम

**लंदन, (वार्ता)।** ऑनलाइन सट्टेबाजी के विज्ञापनों में दिखने के चलते इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के खिलाफ इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन संबंधी जांच शुरू की है।

मैकुलम को साल के शुरू में सट्टेबाजी कंपनी '22बेट' ने अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया था और वह उसके ऑनलाइन विज्ञापनों में नजर आये थे। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने यह जानकारी खुद 27 मार्च को अपने फेसबुक पेज पर एक वीडियो साझा कर की थी। बीबीसी के हवाले से ईसीबी ने कहा, " सट्टेबाजी को लेकर हमारे नियम हैं और हम उसका पालन करना सुनिश्चित करते हैं। हम मैकुलम और 22बेट के रिश्तों को लेकर बात कर रहे हैं। हालांकि वह अभी किसी जांच के दायरे में नहीं है।" न्यूजीलैंड के प्रॉब्लम गैंबलिंग फाउंडेशन ने पिछले सप्ताह इन विज्ञापनों के बारे में ईसीबी से शिकायत की थी. मैकुलम इससे पहले 2019 से 2022 के बीच कोलकाता नाइट राइडर्स के कोच की भूमिका में रह चुके है।

## ब्रुक के तूफान से कोलकाता पस्त, सनराइजर्स 23 रन से जीता



**कोलकाता (वार्ता)।** हैरी ब्रूक (100 नाबाद) का तूफानी शतक और तीसरे विकेट के लिये कप्तान एडन मार्कम (50) के साथ 72 रनो की भागीदारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर को 23 रन से हरा दिया।

ईडन गार्डन मैदान पर सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 228 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में कोलकाता सात विकेट पर 205 रन ही बना सकी। सनराइजर्स की जीत में इंग्लैंड के स्टाइलिश बल्लेबाज ब्रुक की भूमिका अहम रही जिन्होने आईपीएल के मौजूदा सत्र में पहला शतकवीर बनने का गौरव हासिल किया। ब्रुक ने मात्र 55 गेंदो पर 12 चौकों और तीन छक्के उड़ाये। सनराइजर्स के स्कोर का पीछा करने उतरे कोलकाता ने शुरूआती झटकों के बाद संभल कर खेलना शुरू किया। कप्तान नीतिश राणा (75) ने एक छोर पर डट कर मेहमान गेंदबाजों का साहस के साथ सामना किया और दूसरे छोर पर रिंकू सिंह (58 नाबाद) के साथ 69 रनो की उपयोगी भागीदारी निभायी। लक्ष्य की ओर तेजी से बढ रही इस भागीदारी को टी नटराजन ने तोडा जब राणा उनकी गेंद पर डीप कवर पर वशिंगटन सुंदर के हाथों आउट हो गये। इसके बावजूद रिंकू का आतिशी अंदाज नहीं बदला और उन्होने चार चौके और चार छक्के लगाकर एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की। राणा ने 41 गेंदो में पांच चौके और छह छक्के लगाये। इन दोनो के अलावा नारायण जगदीसन (36) ही कोलकाता के लिये रन जुटा सके मगर टीम की हार को नहीं बचा सके। इससे पहले ब्रुक को आउट करने के लिये कप्तान राणा ने अपने सात गेंदबाजों आजमाये मगर मैदान पर रनो की बारिश रोकने में सभी के सभी असहाय नजर आये।

# अतंरराष्ट्रीय


## किशिदा के भाषण स्थल पर विस्फोट, संदिग्ध गिरफ्तार




**टोक्यो (वार्ता)।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को शनिवार को वाकायामा शहर में एक भाषण के दौरान उन पर फेंके गए धुआं बम विस्फोट के बाद वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया। स्थानीय मीडिया ने यह रिपोर्ट दी है।

राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने पुलिस सूत्रों का हवाले से बताया कि वाकायामा शहर में एक बंदरगाह पर श्री किशिदा पर पाइप जैसा बम फेंकने वाले संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। एनएचके फुटेज में नगर आ रहा है कि जोरदार धमाके के बाद क्षेत्र में धुंआ फैल गया और लोगों की भीड़ को भागते हुए देखा गया है। इसी दौरान पुलिस अधिकारियों ने संदिग्ध को पकड़ कर जमीन पर बैठा दिया। क्योडो न्यूज और अन्य मीडिया आउटलेट के अनुसार श्री किशिदा पर करीब 1130 बजे धुंए वाला बम फेंका गया, जब वह प्रतिनिधि सभा के उपचुनाव के समर्थन में भाषण देने जा रहे थे। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि घटना के बाद प्रधानमंत्री को तुरंत कवर लिया और घटनास्थल से सुरक्षित निकाल लिया गया। उन्हें कोई चोट या क्षति नहीं पहुंची है। क्योडो न्यूज रिपोर्ट के अनुसार घटना के बाद श्री किशिदा वाकायामा प्रांतीय पुलिस मुख्यालय में हैं और उनके भाषण को रद्द कर दिया गया। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब जापान अगले महीने हिरोशिमा में जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले उत्तरी साप्पोरो और नागानो के करुइजावा शहर में ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) मंत्रिस्तरीय बैठकों की मेजबानी करने वाला है।

## चीन के नकली सूरज ने फिर बनाया विश्व रिकॉर्ड, 403 सेकंड तक पैदा की दस करोड़ डिग्री सेल्सियस की गर्मी





**बीजिंग,(एजेंसी)।** चीन के कृत्रिम सूर्य ने एक बार फिर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। एक्सपेरिमेंटल अडवांस सुपरकंडक्टिंग टोकमाक नाम के इस कृत्रिम सूर्य ने लगभग सात मिनट तक अत्याधिक गर्म, अत्याधिक कंटेंटेड प्लाज्मा बनाया है। इस प्लाज्मा की गर्मी 10 करोड़ डिग्री सेल्सियस मापी गई। अभी तक इस तरह का प्लाज्मा सिर्फ प्राकृतिक रूप में सूर्य की सतह पर ही पाया जाता था। इससे दुनिया को एक क्लीन एनर्जी का बहुत बड़ा जरिया मिलने की उम्मीद है। चीन की इस उपलब्धि से न केवल जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटेगी, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ होगा। एक्सपेरिमेंटल अडवांस सुपरकंडक्टिंग टोकमाक ने 403 सेकंड के लिए प्लाज्मा बनाया और उसे बनाए रखा। इस उपलब्धि ने 2017 में स्थापित 101 सेकंड के अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

## प्योंगयांग के नवीन मिसाइल परीक्षण पर जापान का यूएनएससी के आपातकालीन सत्र बुलाने का आग्रह

**टोक्यो, (वार्ता)।** उत्तर कोरिया द्वारा अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के नवीनतम परीक्षण के बाद जापान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से आपातकालीन सत्र बुलाने का अनुरोध किया है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले प्योंगयांग की सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की देखरेख में नई प्रकार की ह्वासोंगफो-18 ठोस-ईंधन अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का पहला परीक्षण किया गया। मात्सुनो ने एक ब्रीफिंग में कहा, "उत्तर कोरिया द्वारा पहले किए गए एक मिसाइल प्रक्षेपण के बाद, हमने यूएनएससी से एक आपातकालीन सत्र बुलाने का अनुरोध किया है।" मात्सुनो ने इस तथ्य पर निराशा व्यक्त की कि यूएनएससी प्योंगयांग द्वारा यूएनएससी प्रस्तावों के निरंतर उल्लंघन के लिए उचित प्रतिक्रिया देने में विफल रहा है।

उत्तराखंड प्रहरी छोटी खबरें



## खाई में गिरी बस; 12 लोगों की मौत; 25 गंभीर रूप से घायल, गाड़ी में सवार थे 45 मुसाफिर

**पुणे।** एक दर्दनाक बस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसा महाराष्ट्र के रायगढ़ जिला में पेश आया है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में शनिवार सुबह एक बस के खाई में गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गई, जिनमें से 25 की हालत गंभीर है। रायगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घार्गे ने बताया कि यह घटना मुंबई-पुणे राजमार्ग पर बोरघाट में शिंग्रोबा मंदिर के पास हुई जब करीब 45 यात्रियों को ले जा रही एक निजी बस गहरी खाई में गिर गई। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य जारी है। घायलों का इलाज खोपोली के ग्रामीण अस्पतालों में चल रहा है। उन्होंने कहा कि हाइकर्स ग्रुप, आईआरबी की टीमें पीड़ितों को राहत कार्य प्रदान कर रही हैं और निजी अस्पतालों के चिकित्सकों को मदद के लिए बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि बस में सवार यात्री पुणे में कार्यक्रम में शामिल होकर गोरेगांव मुंबई लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि अब भी कई यात्रियों के खाई में फंसे होने की आशंका है और बचाव अभियान जारी है। उसने बताया कि दुर्घटना के सही कारण का अब तक पता नहीं चला है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे 12 से अधिक यात्रियों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए।

## मोजाम्बिक में दौड़ी मेड इन इंडिया ट्रेन, विदेशों में भी धूम, पूर्वी अफ्रीकी देश में विदेश मंत्री जयशंकर ने भी की सवारी



**मैपुटो,एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने मोजाम्बिक दौरे के दौरान 'मेड इन इंडिया' (भारत में निर्मित) ट्रेन में सफर किया और देश में रेल नेटवर्क, इलेक्ट्रिक वाहनों व जलमार्ग संपर्क का दायरा बढ़ाने के मुद्दे पर वहां के परिवहन मंत्री के साथ व्यापक बातचीत की। जयशंकर तीन दिवसीय दौरे पर गुरुवार को मोजाम्बिक की राजधानी मैपुटो पहुंचे थे और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए इस अफ्रीकी देश की संसद के अध्यक्ष से मुलाकात की। जयशंकर मोजाम्बिक की आधिकारिक यात्रा पर जाने वाले भारत के पहले विदेश मंत्री हैं। उन्होंने ट्वीट किया कि मोजाम्बिक के परिवहन एवं संचार मंत्री और मोजाम्बिकन पोर्ट एंड रेल अथॉरिटी के चेयरमैन माटियस मगाला के साथ हरित परिवहन पर शानदार बातचीत। रेल नेटवर्क, इलेक्ट्रिक वाहनों व जलमार्ग संपर्क का दायरा बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की। भारत इस संबंध में एक विश्वसनीय भागीदार है। उन्होंने ट्वीट किया कि मोजाम्बिक के परिवहन मंत्री के साथ एक 'मेड इन इंडिया' ट्रेन में मैपुटो से मछावा के बीच यात्रा की।

# 1 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा, 17 अप्रैल से कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन




**जम्मू।** इस बार अमरानाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू होगी। इसको लेकर सरकार की तरफ से शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जारी शेड्यूल के मुताबिक इस बार यात्रा 62 दिन चलेगी। आधिकारिक तौर पर यात्रा 1 जुलाई को शुरू होगी और यात्रा का समापन 31 अगस्त को होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि प्रशासन सुचारू और परेशानी मुक्त तीर्थ यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि श्री अमरनाथ यात्रा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड के माध्यम से पंजीकरण 17 अप्रैल से शुरू होगा।

उपराज्यपाल ने कहा कि प्रशासन आने वाले सभी भक्तों और सेवा प्रदाताओं को सर्वोत्तम श्रेणी की स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, "तीर्थयात्रा शुरू होने से पहले दूरसंचार सेवाओं को चालू कर दिया जाएगा। यात्रा के सुचारू संचालन के लिए आवास, बिजली, पानी, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए सभी हितधारक विभाग समन्वय से काम कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि यात्रा दोनों मार्गों – अनंतनाग जिले के पहलगाम ट्रैक और गांदरबल जिले के बालटाल से एक साथ शुरू होगी। उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छता के उच्च स्तर को सुनिश्चित करने और स्वच्छता तथा अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आवश्यक हस्तक्षेप करने का भी निर्देश दिया। अमरनाथजी श्राइन बोर्ड दुनिया भर के भक्तों के लिए सुबह और शाम की आरती (प्रार्थना) का सीधा प्रसारण भी सक्षम करेगा, जबकि यात्रा, मौसम के बारे में वास्तविक समय की जानकारी प्राप्त करने और कई लाभ उठाने के लिए श्री अमरनाथ यात्रा का ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध कराया गया है। उपराज्यपाल की अध्यक्षता में एसएएसबी की 44वीं बैठक के दौरान सदस्यों और अधिकारियों ने श्री अमरनाथ यात्रा-2023 के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की, जिसमें पंजीकरण, हेलिकॉप्टर सेवाओं का प्रावधान, सेवा प्रदाता, शिविर, लंगर और यात्रियों के लिए बीमा कवर शामिल हैं।

## डॉ. धर्माधिकारी को 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार' से आज सम्मानित करेगी सरकार

**मुंबई, (वार्ता)।** प्रसिद्ध कलाकार डॉ. अप्पासाहेब धर्माधिकारी को 16 अप्रैल को महाराष्ट्र सरकार प्रतिष्ठित 'महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार' से सम्मानित करेगी।

पद्म श्री से सम्मानित डॉ. अप्पासाहेब धर्माधिकारी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। समारोह खारघर, नवी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय कॉर्पोरेट ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य समारोह की तैयारी पिछले कुछ दिनों से खारघर में चल रही है।



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुद दो बार कार्यक्रम स्थल का दौरा किया और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह आयोजन इतिहास होगा। इस आयोजन में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों और सदस्यों से आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। समारोह सुबह करीब 10:30 बजे होगा। इसके लिए नगर निगम, सिडको, लोक निर्माण, पुलिस, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा सदस्य जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं।

इस समारोह के दौरान हेलीकॉप्टर से पद्मश्री अप्पासाहेब धर्माधिकारी पर पुष्पवर्षा की जाएगी। समारोह में मुख्यमंत्री श्री शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, सांस्कृतिक मामलों के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार सहित धर्माधिकारी के परिवार के सदस्य मौजूद रहेंगे।

## सत्ता का दुरुपयोग करने वाले लोग असली राष्ट्र विरोधी, अंबेडकर जयंती पर केंद्र पर बरसीं सोनिया गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। सोनिया ने इस बार भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर केंद्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने लोगों से कहा कि संविधान को बचाने के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। सोनिया गांधी ने केंद्र पर हमला करते हुए कहा कि असली 'राष्ट्र विरोधी' वे लोग हैं, जो धर्म, जाति, लिंग और भाषा के आधार पर भारतीयों को एक-दूसरे के खिलाफ बांटने की कोशिश कर रहे हैं। वे लोग इसके लिए अपनी ताकत गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

सोनिया गांधी ने भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती के अवसर पर अपने लेख के जरिए सरकार पर हमला बोला। हालांकि कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने अपने लेख के जरिए सरकार का जिक्र किए बगैर कहा कि सत्ता का दुरुपयोग किया जा रहा है और कई संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट करने की कोशिश की जा रही है। सोनिया गांधी ने आरोप लगाया कि आज की मौजूदा सरकार अपनी सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। वह संविधान को नष्ट करने की कोशिश में है। सरकार स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुता जैसी बुनियादों चीजों को कमजोर करने में लगी है।

## फिर डराने लगा कोरोना, बीते 24 घंटों में आए 10736 मामले

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। देश में बीते 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 10,736 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 21 संक्रमितों की मौत हो गई है। इस बीच देश में कोरोना टीकाकरण भी जारी है और इसी क्रम में पिछले 24 घंटों में 397 लोगों को टीका लगाया गया है। अब तक देश में 2,20,66,25,517 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है।



स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 53,720 हो गई है। देश में कुल संक्रमितों की संख्या 4,48,08,022 हो गई है। वहीं मृतकों की संख्या बढ़कर 5,31,091 हो गई है। इसी अवधि में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वालों का आंकड़ा 6,628 बढ़कर 4,42,23,211 पर पहुंच गया है।

देश में पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में सक्रिय मामलों की संख्या में सर्वाधिक 1,167 की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, उत्तरप्रदेश में 485, हरियाणा में 398, दिल्ली में 349, राजस्थान में 290, महाराष्ट्र में 228, तमिलनाडु में 192, छत्तीसगढ़ में 135, गुजरात में 133, ओडिशा में 109, पंजाब में 106, पुडुचेरी में 99, पश्चिम बंगाल में 72, बिहार में 62, आंध्रप्रदेश में 61, जम्मू-कश्मीर में 60, कनार्टक में 58, उत्तराखंड में 28, झारखंड में 19, तेलंगाना में 14, चंड़ीगढ़ में 11, गोवा में 10, असम में पांच, त्रिपुरा और लद्दाख में तीन-तीन, मिजोरम में दो, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में एक-एक मामला बढ़ा है।

# 'फटाफटी' फिल्म का ट्रेलर हुआ जारी




'फटाफटी' फिल्म के निर्माताओं ने इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें एक प्लस साइज महिला के विभिन्न पात्रों को दर्शाया गया है। इस फिल्म में अभिनेत्री की उन बाधाओं को दिखाया गया है, जिनका वह हर रोज शारीरिक शर्मिंदगी से लेकर आत्मविश्वास तक में सामना करती है। इस फिल्म के ट्रेलर में बंगाली अभिनेत्री रिताभरी को एक महत्वाकांक्षी डिज़ाइनर के रूप में दिखाया गया है, जो फैशन की दुनिया में कुछ बड़ा करना चाहती है, लेकिन उसकी शारीरिक बनावट उसे अगला कदम उठाने की अनुमति नहीं देती है, जिसके बाद लगातार शरीर का आकार बढ़ता रहता है, जो बदले में उसके आत्मविश्वास को बर्बाद कर देता है। रिताभरी ने कहा, "मैं बहुत खुश हूं कि इस फिल्म का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। ट्रेलर के लिए समीक्षा अविश्वसनीय रही है और मैं उन सभी का आभार प्रकट करती हूं, जिन्होंने अपना प्यार बरसाया है।" 'फटाफटी' फिल्म के निर्माता-निर्देशक अबीर चटर्जी और अरित्रा मुखर्जी हैं और लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री स्वस्तिका दत्ता एक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। यह फिल्म 12 मई को रिलीज होगी।



# हेमा ने बिहू को बिहार का त्योहार बताए जाने के मुद्दे पर मांगी माफी

दिग्गज अदाकारा एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमा मालिनी ने असम के बजाय बिहू को बिहार का त्योहार बताने वाले अपने ट्वीट पर सफाई देते हुए शुक्रवार को माफी मांगी और अपनी गलती स्वीकार की। बॉलीवुड के ब्लॉकबस्टर फिल 'शोले' की अदाकारा ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा था, ₹यह अब फसल का मौसम है। तमिज़ पुथंडु (नया साल), बैसाखी (पंजाब), बिहू (बिहार) और पोहेला बैसाख या नबा बरशा बंगाल) मनाए जाने वाले कुछ त्योहार हैं। आप सभी को एक शानदार त्योहार महीने की शुभकामनाएं।₹ बॉलीवुड की 'ड्रीम गर्ल' ने शुक्रवार को माइक्रो ब्लॉगिंग साइट पर कहा कि गलती से उन्होंने असम के बजाय बिहार के त्योहार के रूप में बिहू लिख दिया है। उन्होंने कहा, "मैंने गलती से डाल दिया है कि बिहू बिहार में मनाया जाने वाला त्योहार है। माफी चाहती! उसे असम का त्योहार बिहू पढ़ना चाहिए।। उल्लेखनीय है कि बिहू को बिहार का त्योहार बताए जाने को लेकर सोशल मीडिया पर यूजर्स ने हेमा की काफी खिंचाई की थी। ट्रोलिंग के बाद उन्होंने दोनों ट्वीट डिलीट कर दिए।

# सारा अली खान ने शेयर की सिडनी ट्रिप की वीडियो

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने अपनी सिडनी ट्रिप की एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की है। वीडियो की शुरुआत में सारा कहती हैं, 'नमस्ते दर्शको'। इसके बाद सारा सिडनी घूमने निकल पड़ीं। वहां उन्होंने देसी लुक भी कैरी किया है। इसके अलावा सारा विदेश में अपने देसी अंदाज में 'चाका चक' गाने पर डांस करती हुई भी नजर आईं। सारा ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हारने का समय नहीं, हमेशा गतिमान। स्विम, वर्कआउट। यात्रा करें, अनुभव करें, सुधार करें'। सारा अली खान जल्द ही लक्ष्मण उटेकर की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'जरा हटके जरा बच के' में विक्की कौशल के साथ नजर आएंगी।



## आज का राशिफल

**उत्तराखंड प्रहरी — आज के विचार**

जिंदगी में सच के साथ हमेशा चलते रहिए तो वक्त आपके साथ अपने आप चलने लगेगा !

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** आज आपका मन अनमना सा रहेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होगी। किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)** धनहानि को बचाना है। व्यापार व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य पर खर्च हो सकता है। लापरवाही न करें। कार्य करते समय चोट लग सकती है।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेशादि सोच-समझकर करें। बाहर लंबी यात्रा की योजना बन सकती है। जीवन सुखमय गुजरेगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** किसी मांगलिक व आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। शैक्षणिक व शोध इत्यादि रचनात्मक कार्य के परिणाम सुखद मिलेंगे।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)** दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। विवाद से बचें व क्रोध न करें। कोई बड़ा काम तथा लंबी यात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पुराने विवादों का समापन होगा। उत्साह व प्रसन्नता की वृद्धि होगी। व

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** संपति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)** नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। बेरोजगारी दूर होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। व्यापार निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे। लंबी यात्रा हो सकती है।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)** लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से आत्मसम्मान कम हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनहानि के योग हैं। जोखिम न लें।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)** डूबी हुई रकम प्राप्ति की संभावना बनती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। कारोबार में वृद्धि संभव है।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)** सामाजिक मान-सम्मान प्राप्त होगा। कारोबार में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। लंबी व्यावसायिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)** योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। उत्साह व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में अमन-चैन रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)** व्यापार ठीक चलेगा। दूर से समाचार प्राप्त हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद को बढ़ावा न दें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com